# Rapid Fire करेंट अफेयर्स (10 June)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-june-10

- प्रधानमंत्री का पदभार दोबारा संभालने के बाद नरेंद्र मोदी दो दिनों की यात्रा पर 8 और 9 जून को पहले **मालदीव** और बाद में **श्रीलंका** गए। उन्होंने मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम सालेह और उप-राष्ट्रपति फैसल नसीम से मुलाकात करने के अलावा पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद से भी मुलाकात की। इसके अलावा भारत के लोक सेवा प्रशिक्षण संस्थान **राष्ट्रीय सुशासन केंद्र** ने अगले पाँच वर्षों के दौरान मालदीव के 1000 लोक प्रशासकों को गहन प्रशिक्षण देने के लिये **मालदीव सिविल सर्विसेज़ कमीशन** के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। गौरतलब है कि 2019 में राष्ट्रीय सुशासन केंद्र अब तक बांग्लादेश, म्यांमार, गांबिया एवं मालदीव के लोक प्रशासकों के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन कर चुका है। इसके अलावा माले और कोच्चि के बीच की 700 किमी. दूरी तय करने के लिये **फेरी** (Ferry) सेवा शुरू करने और और **माले की जामा मस्ज़िद** के जीर्णोद्धार/पुनर्निर्माण पर भी सहमति बनी। इसके साथ ही भारतीय प्रधानमंत्री को मालदीव के सर्वोच्च नागरिक सम्मान **निशान इज़्ज़ुद्दीन (Order of the Distinguished Rule of Izzudeen)** से सम्मानित किया गया। मालदीव द्वारा विदेशी मेहमानों को दिया जाने वाला यह सर्वोच्च सम्मान है। इसके बाद नरेंद्र मोदी एक दिन की श्रीलंका यात्रा पर भी गए।
- सर्वोच्च न्यायालय द्वारा **NPA** पर 12 फरवरी के परिपत्र को रद्द किये जाने के बाद **RBI** ने चूक के मामले में बैंकों को ज़्यादा समय और लचीलेपन की अनुमति दे दी है। अब किसी खाते में चूक होने पर बैंक अपने हिसाब से तय कर सकते हैं कि उन्हें इन खातों के साथ क्या करना है। गौरतलब है कि RBI ने पहले 2000 करोड़ रुपए और उससे अधिक के चूक के मामलों का 180 दिन में समाधान नहीं होने पर **एक दिन की चूक** को भी डिफॉल्ट मानने की बात कही थी। नए दिशा-निर्देशों में बैंकों को अपने हिसाब से इसके पुनर्गठन की आज़ादी दी गई है। पहले समाधान योजना के लिये सभी ऋणदाताओं की सहमति जरूरी थी, लेकिन अब कर्ज़ के हिसाब से 75 फीसदी और कुल ऋणदाताओं के 60 फीसदी की सहमति से ही इस पर निर्णय हो जाएगा और वह सभी ऋणदाताओं के लिये बाध्यकारी होगा। फिलहाल ये दिशा-निर्देश 2000 करोड़ रुपए और उससे अधिक कर्ज़ वाले खातों पर लागू होंगे, लेकिन अगले साल 1 जनवरी से 1500 करोड़ रुपए और उससे अधिक के खाते इसके दायरे में आएंगे। नए नियमों के तहत बैंकों को चूक के बाद समाधान योजना तैयार करने और उसकी समीक्षा करने के लिये **30 दिन** का समय मिलेगा।
- देश में **कौशल विकास** को प्रोत्साहित करने के लिये सरकार ने **जन शिक्षण संस्थानों** में **अनुसूचित व अनुसूचित जनजाति** के छात्र-छात्राओं को मुफ्त प्रशिक्षण देने का फैसला किया है। देश में फिलहाल 271 जन शिक्षण संस्थान खोलने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया है, जबकि 248 जन शिक्षण संस्थान संचालित किये जा रहे हैं तथा 83 संस्थानों की स्थापना के प्रस्ताव लंबित हैं। प्रत्येक संस्थान में सालाना लगभग 2000 प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षित किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इनमें भी अल्पकालिक व दीर्घकालिक वर्ग के प्रशिक्षण का प्रबंध है। इन संस्थानों का लक्ष्य विकास के साथ युवाओं को रोज़गार के योग्य बनाना है।

- ब्रिटेन की प्रधानमंत्री थेरेसा मे ने 7 जून को ब्रिटेन की सत्ताधारी **कंज़र्वेटिव पार्टी** के नेता पद से इस्तीफा दे दिया। देश का नया प्रधानमंत्री चुने जाने तक वह अपने पद पर बनी रहेंगी। जुलाई महीने के अंत तक ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री का चुनाव होने की संभावना है। उन्होंने ब्रेक्ज़िट मामले से अपने को अलग कर लिया है तथा अब नए प्रधानमंत्री के सामने यह मुद्दा सुलझाना सबसे बड़ी चुनौती होगी। विदित हो कि वर्ष 2016 में यूरोपीय संघ से अलग होने के मुद्दे पर कराए गए **जनमत संग्रह** के बाद थेरेसा मे ने प्रधानमंत्री का पद संभाला था। उन्होंने ब्रेक्ज़िट योजना पर तीन साल तक काम किया और इस बीच ब्रेक्ज़िट की अवधि दो बार बढ़ाई भी गई। लेकिन अभी तक इस मुद्दे पर सांसदों के बीच सहमति नहीं बन पाई और अंतत: उन्होंने इस्तीफा देने का फैसला कर लिया।
- भारतीय मूल की **अनीता भाटिया** को संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने **UN-Women** की **उप कार्यकारी निदेशक** के पद पर नियुक्त किया है। UN-Women एक ऐसी एजेंसी है जो वैश्विक तौर पर महिला सशक्तीकरण और लिंग समानता पर फोकस करती है। कलकत्ता विश्वविद्यालय से स्नातक अनीता भाटिया ने अमेरिका की येल यूनिवर्सिटी से स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की तथा जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी से डॉक्टरेट भी किया है। उन्हें इस पद पर सामरिक भागीदारी, संसाधन जुटाने में विशेषज्ञता और प्रबंधन में उनके योगदान और अनुभव के आधार पर नियुक्त किया गया है। अनीता भाटिया की नियुक्ति महिला सशक्तीकरण और लैंगिक समानता के लक्ष्य हासिल करने के लिये की गई है।
- भारतीय वायुसेना की फ़्लाइट लेफ्टिनेंट **मोहना सिंह** 31 मई को दिन (Day Time) में **हॉक एडवांस्ड जेट में मिशन** को सफलतापूर्वक अंजाम देने वाली पहली महिला युद्धक विमान पायलट बन गई हैं। इस प्रक्रिया में उन्होंने पश्चिम बंगाल के कलाईकुंडा स्थित वायसेना अड्डे पर बेहद कठिन मानी जाने वाली **4-aircraft combat sortie** पूरी करने के लिये हॉक एडवांस्ड जेट विमान उड़ाया। यह हॉक जेट के पूरी तरह से संचालन का आखिरी चरण होता है। उन्हें यह उपलब्धि हवा से हवा में मार एवं हवा से जमीन पर मार के कठोर युद्ध प्रशिक्षण के बाद मिली है। इसके अलावा उन्होंने कई प्रशिक्षण मिशन पूरे किये हैं जिनमें रॉकेट, तोप के गोले तथा उच्च क्षमता वाले बमों को गिराना शामिल है। मोहना सिंह को दो महिलाओं भावना कंठ और अवनी चतुर्वेदी के साथ जून 2016 में युद्धक पायलट प्रशिक्षण के लिये चुना गया था।
- प्रसिद्ध अभिनेता, कन्नड़ साहित्यकार और निर्देशक **गिरीश कर्नाड** का 81 वर्ष की आयु में बेंगलुरु में में निधन हो गया। गिरीश कर्नार्ड की गिनती देश के जाने-माने समकालीन लेखकों, अभिनेताओं, फिल्म निर्देशकों और नाटककारों में की जाती थी। गिरीश कर्नाड ने 1970 में कन्नड़ फ़िल्म **संस्कार** से फ़िल्मी करियर शुरू किया तथा उनकी पहली ही फिल्म को कन्नड़ सिनेमा के लिए राष्ट्रपति का **गोल्डन लोटस** पुरस्कार मिला। उन्होंने अपना पहला नाटक कन्नड़ में लिखा जिसका बाद में अंग्रेज़ी में भी अनुवाद किया गया। उनके चर्चित नाटकों में 'ययाति', 'तुग़लक', 'हयवदन', 'अंजु मल्लिगे', 'अग्निमतु माले', 'नागमंडल' और 'अग्नि और बरखा' शामिल हैं। गिरीश कर्नाड को 1972 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, 1994 में साहित्य अकादमी पुरस्कार, 1998 में ज्ञानपीठ पुरस्कार, 1974 में पद्म श्री, 1992 में पद्म भूषण, और 1998 में कालिदास सम्मान से नवाज़ा गया था।